राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 10.12.2019 को समय 12.00 बजे (मध्याह्न) श्री पर्वत सिंह यादव की अध्यक्षता में राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, अम्बेडकर नगर के समिति सदन में सम्पन्न हुई नौवीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हुए –

| क्रम सं० | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | श्री पर्वत सिंह यादव | अध्यक्ष |
| 02 | श्रीमती एस० राधा चौहान<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उ०प्र० शासन लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| 03 | श्री नीरज श्रीवास्तव<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन अयोध्या मण्डल, अयोध्या। | वित्त सचिव द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य |
| 04 | प्रो0 एम०एम० गोरे<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 05 | प्रो० विशाल सिंह चंदेल<br>अप्लाइड साइंस एण्ड ह्यूमेनिटीज विभाग, रा०इं०का०, अम्बेडकर नगर। | सदस्य |
| 06 | प्रो० आर०पी० पयासी<br>इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 07 | प्रो० आर०एस० यादव<br>कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 08 | डा० राजीव<br>एसोसिएट प्रोफेसर, गणित विज्ञान विभाग, आई०आई०टी०बी०एच०यू०, बनारस। | सदस्य |
| 09 | प्रो० राम अवध मिश्र<br>इलेक्ट्रानिक इंजी0 विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद, प्रयागराज। | सदस्य |
| 10 | प्रो० जे०पी० पाण्डेय<br>निदेशक, कमला नेहरु प्रौद्योगिकी संस्थान, सुल्तानपुर। | सदस्य |
| 11 | डा० अखिलेश कुमार मिश्र<br>निदेशक, रा०इं०का०, अम्बेडकर नगर। | सदस्य / सचिव |

अपरिहार्य कारणोंवश निम्नलिखित सदस्य बैठक में भाग नहीं ले सके।

| क्रम सं0 | सदस्य | पद |
|---|---|---|
| 01 | प्रो0 विनय कुमार पाठक<br>कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम, प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 02 | डा0 अभय करंडीकर<br>निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 03 | डा0 राजीव त्रिपाठी<br>निदेशक, एम०एन०आई०टी० इलाहाबाद। | सदस्य |
| 04 | डा0 आर0सी0 राजपूत<br>निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय कानपुर। | सदस्य |

सर्वप्रथम निदेशक संस्थान एवं सदस्य सचिव प्रशासकीय परिषद नें माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया, तदोपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

**09:01 प्रशासकीय परिषद की दिनाँकः 22.08.2019 को सम्पन्न आठवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद दिनांक 22.08.2019 को सम्पन्न प्रशासकीय परिषद के आठवीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई एवं पुष्टि हेतु निम्न बिन्दु पर सुधार के आवश्यक निर्देश दिये।

01. उक्त बैठक में सम्मिलित सदस्यों में क्रम संख्या 4 पर उपस्थित श्री के० राम (संयुक्त निदेशक,प्राविधिक शिक्षा सेन्ट्रल जोन) जो की निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि सदस्य थे। उक्त बैठक के कार्यवृत्त में टाईपिंग त्रुटिवश निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर के स्थान पर निदेशक, आई० आई० टी० कानपुर हो गया था।

जिसमें परिषद द्वारा सुधार का निर्देश दिया गया।

**09:02 प्रशासकीय परिषद की दिनाँकः 22.08.2019 को सम्पन्न आठवीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही की सूचना।**

परिषद दिनांक 22.08.2019 को सम्पन्न आठवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही से अवगत होते हुए उसे यथावत रखने का निर्देश दिया।

----3/-

**09:03 संस्थान की दिनाँक 12.09.2019 को सम्पन्न वित्त समिति की दसवीं बैठक की कार्यवृत्त का औपचारिक अनुमोदन।**

परिषद संस्थान की वित्त समिति की दिनांक 12.09.2019 को सम्पन्न दसवीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत हुई एवं कार्यवृत्त के निम्नाकिंत बिन्दुओं पर सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये–

**(क्रमांक, कार्य सूची )**

**10.03** संस्थान परिसर में 415 KWP क्षमता के सोलर रूफ टाफ पावर प्लान्ट के लिए शासन को नया प्रस्ताव भेजे जाने के निर्देश दिये।

**10.04** इस बिन्दु को शासन द्वारा निर्गत अग्रिम सूचना तक स्थगित रखने का निर्देश दिया।

**10.05** कालेज के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के लिए जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर को पत्र लिखकर शासन स्तर से सरकारी भूमि को कालेज को आवंटित करने का निर्देश दिया।

**10.09** कालेज की बेवसाइट को GIGW की गाइडलाइंस के अनुरूप विकसित करने के लिए शासन द्वारा कालेज की बेवसाइट को बनाने वाली कम्पनी/फर्म UPDESCO को पत्र निर्गत करवाने का निर्देश दिया।

**09:04 TEQIP-III द्वारा क्रय किये गये एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों, साफ्टवेयर एवं सामानों की अद्यतन स्थिति।**

समिति TEQIP-IIIके माध्यम से क्रय किये गये उपकरण, साफ्टवेयर एवं सामानों की वस्तुस्थिति से अवगत हुई एवं क्रय किये गये उपकरणों, साफ्टवेयर इत्यादि के औचित्य एवं उपयोगिता बताते हुए पूर्ण विवरण के साथ अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**09:05 प्रशासकीय परिषद की सम्पन्न आठवीं बैठक के बाद संस्थान के शैक्षिक क्रिया कलापों एवं प्रशासनिक क्रिया कलापों से परिषद को अवगत कराना।**

प्रशासकीय परिषद की दिनांक 22.08.2019 को सम्पन्न आठवीं बैठक के उपरान्त संस्थान में शैक्षणिक किया कलापों एवं प्रशासनिक किया कलापों से अवगत हुई एवं विस्तृत सूचना के साथ अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

**09.07 अन्य अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी–**

01. **संस्थान के नियमित शिक्षकों के परिवीक्षण कालके समाप्त होने के सम्बन्ध में।**
संस्थान के नियमित शिक्षकों के दिसम्बर माह में 2 वर्ष पूर्ण होने पर उनके परिवीक्षण काल के समाप्त होने पर उचित कार्यवाही पर सहमत हुई।

.....4/-

02. **संस्थान के तीन शिक्षकों डा० शैलेश कुमार श्रीवास्तव, (अनप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग) श्री अनूप कुमार वर्मा (सिविल इंजीनियरिंग विभाग ) एवं सुश्री वैशाली राजभर (सिविल इंजीनियरिंग विभाग) के त्यागपत्र दिये जाने की सूचना के सम्बंध में।**

परिषद तीन शिक्षकों डा० शैलेश कुमार श्रीवास्तव, श्री अनूप कुमार वर्मा एव सुश्री वैशाली राजभर के निजी कारणोंवश दिये गये त्यागपत्र की सूचना से अवगत हुई किन्तु प्रकरण को मुख्य कार्यबिन्दु में रखने का निर्देश दिया ।

03. **संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती पूनम सिंह के माह जुलाई से अनुपस्थिति का प्रकरण।**

संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत सहायक आचार्या श्रीमती पूनम सिंह की विभाग से अनुपस्थिति के प्रकरण में निदेशक को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

04. **संस्थान के शिक्षकों को सातवें वेतन के अनुरूप वेतन देने के सन्दर्भ में।**

संस्थान के शिक्षकों को सातवें वेतन के अनुरूप वेतन देने के सन्दर्भ को मुख्य बिन्दु में रखने का निर्देश दिया।

| | | |
|---|---|---|
| (डा0 अखिलेश कुमार मिश्र)<br>निदेशक / सदस्य सचिव<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज<br>अम्बेडकर नगर। | (श्रीमती एस० राधा चौहान)<br>उपाध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज<br>अम्बेडकर नगर। | (श्री पर्वत सिंह यादव)<br>अध्यक्ष<br>प्रशासकीय परिषद,<br>राजकीय इंजीनियरिंग कालेज<br>अम्बेडकर नगर। |

---- 5/-